मुख्यमंत्री बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट के प्रवास पर हैं । वे यहां सावन उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन जैविक कृषि उपज मंडी इतवारी गंज बालाघाट में होगा। मुख्यमंत्री यहां श्रावण उपहार व बहनों से राखी बंधवाने के साथ ही उन्हें संबोधित भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल से हवाई जहाज के माध्यम से जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से कार द्वारा सड़क मार्ग से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे दोपहर करीब तीन बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सागर कार्यवाही

सागर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मृत्यु के बाद सागर कलेक्टर दीपक आर्य, एसपी अभिषेक तिवारी और एसडीएम संदीप सिंह को हटा दिया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुर में पदस्थ डॉ. हरिओम बंसल को निलंबित कर दिया गया है। यहाँ कल जेसीबी से मलबा हटाकर शव और घायल बच्चों को बाहर निकाला गया। रायसेन एसपी विकास कुमार सहवाल अब सागर के नए एसपी होंगे। छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर को सागर कलेक्टर बनाया गया है। इससे पहले शाहपुर नगर परिषद के सीएमओ धनंजय गुमास्ता और उप यंत्री वीर विक्रम सिंह पर निलंबित की कार्रवाई की है।

इंदौर स्मार्ट लाइट

इंदौर शहर की स्ट्रीट लाइटें अब मौसम के हिसाब से बंद-चालू होंगी। स्काडा सिस्टम के तहत सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल मानिटरिंग सिस्टम से इन्हें नियंत्रित किया जाएगा। मौसम के हिसाब से रोशनी कम या पर्याप्त होने की जानकारी स्ट्रीट लाइट से सिग्नल कंट्रोल रूम पहुंचेगी और वहीं से स्ट्रीट लाइन को सीधे बंद या चालू किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया में 20 सेकंड का समय लगेगा। नगर निगम को नए सिस्टम से प्रतिमाह करीब 2 करोड़ 72 लाख रुपये की बचत होगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विद्युत प्रभारी जीतू यादव ने बताया कि अगले चार माह में पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था को डिजिटल प्लेटफार्म पर कर दिया जाएगा।

महाकाल सवारी

भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में आज श्रावण-भादौ मास के तीसरे सोमवार को शाम चार बजे भगवान महाकाल की सवारी धूमधाम से नगर भ्रमण पर निकलेगी। सवारी में 1500 डमरू वादक भस्म आरती की धुन पर डमरू वादन कर विश्व कीर्तिमान रचेंगे। डमरू वादन की प्रस्तुति देने वालों में उज्जैन के करीब एक हजार और मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल के करीब पांच सौ कलाकार शामिल रहेंगे।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों लगातार बारिश से छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। बरगी, बाणसागर जैसे 10 बड़े बांध छलक उठे हैं। आज भी इंदौर, उज्जैन, सागर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 13 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। राजधानी भोपाल में सुबह से रिमझिम पानी बरस रहा है। प्रदेश में डेढ़ महीने के अंदर 23 दशमलव 3 इंच बारिश हो चुकी है यानी सीजन के कोटे का 62 प्रतिशत पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, लो प्रेशर एरिया, मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश में भारी बारिश का दौर चल रहा है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में औसत से 22 प्रतिशत और पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में औसत से 17 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है।

ओलिंपिक-डाक टिकट

केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डाक विभाग ने कहा कि स्मारक डाक टिकटों का सेट आज जारी किया जाएगा। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी किया जाना खेल और खिलाडियों के प्रति भारत के उत्साह और समर्थन का प्रतीक है।

संक्षेप समाचार

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 12 अगस्त को बैतूल के भैंसदेही आगमन का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

2. शिवपुरी जिले के कोलारस में सिंध नदी के पुल निर्माण में फंसे 18 मजदूरों को प्रशासन पुलिस एवं बचाव दल ने सुरक्षित निकाला गया है। यह सभी भडोता गांव के पास पुल के निर्माण में लगे थे तभी अचानक नदी में पानी ज्यादा बढ़ जाने के कारण पानी के बीच में फंस गए थे.

   और

3. निवाड़ी में एसडीएम निवाड़ी विनीता जैन ने ओरछा में पुष्प नक्षत्र के अवसर पर बारिश का मौसम देखते हुए मंदिर परिसर, बेतवा नदी के किनारे, हाईवे, एवं कंचना घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का आज जायजा लिया।